Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include 'Bhuinhar Munda'/Bhuinhar caste of Jharkhand in the list of Scheduled Tribes-laid.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): The Scheduled caste & Scheduled Tribes List (Modification) Order 1956 के तहत जाति-मुण्डा अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित है, और भुईहर/ भुईहर मुण्डा उसी की उपजाति (शाखा) के रूप में स्थायित्व कायम रखती है। इस समुदाय का प्रमुख निवास विशेषत: झारखण्ड के गुमला और लातेहार के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य में है। भुईहर/भुईहर मुण्डा जाति झारखण्ड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में जनजाति में अधिसूचित है ।

इस संबंध में डॉ० रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, रांची द्वारा दिनांक 19.03.2019 के विस्तृत शोध प्रतिवेदन एवं पत्रांक 237, दिनांक 25.02.2021 को कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार को भेजा गया। झारखंड सरकार द्वारा भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय को दिनांक 18.02.2021 को भेजा गया था । मंत्रालय द्वारा Registrar General & Census Commissioner India को दिनांक 28.10.2021 को भेजा जा चुका है। मा० जनजातीय मंत्री जी को मेरे द्वारा 07 अप्रैल 2022 को भी पत्र लिखकर आग्रह किया गया है।

अत: मेरा जनजातीय कार्य मंत्री जी से पुन: आग्रह है कि भुईहर मुण्डा/ भुईहर जाति को झारखण्ड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करवाने की प्रक्रिया को पूरा करके संसद में इससे संबंधित बिल पेश किया जाये ।